# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई

## श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय ,गोण्डा



**प्रो. रवीन्द्र कुमार**

प्राचार्य/संरक्षक



**श्री पवन कुमार सिंह**

वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. चमन कौर**

कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. परवेज आलम**

कार्यक्रमाधिकारी



**डॉ. दिलीप शुक्ला**

कार्यक्रमाधिकारी



# राष्ट्रीय सेवा योजना

# श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय, गोण्डा

## सत्र 2022-23

## विशेष शिविर कार्यक्रम की रिपोर्ट

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय सेवा योजना NATIONAL SERVICE SCHEME



श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोण्डा जिले के मुख्यालय में स्थित हैं, जिसे स्वर्गीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की स्मृति में स्थापित किया गया था। गोंडा के तत्कालीन जिलाधिकारी श्री राजेन्द्र नाथ ने कालेज की स्थापना की। कॉलेज केवल स्नातक स्तर के कला संकाय के साथ शुरू किया गया था। अब कॉलेज मे पी.जी. पाठ्यक्रम भी है। कॉलेज अपने विशाल तीन परिसरों मे फैला हुआ है। वर्तमान मे कला एवं मानविकी ,विज्ञान,वाणिज्य , प्रबंधन शिक्षा,बी.एड और कृषि संकाय कॉलेज मे चल रहे है। समस्त संकायों की डिग्री प्रदान करने के लिए यह कॉलेज डॉ राम मनोहर लोहिया अ विश्वविद्यालय, अयोध्या से संबद्ध है।

# श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा

## राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर

**दिनांक– 25.03.2023 से 31.03.2023 तक**

**स्थान– म्यूनिसिपल प्राइमरी पाठशाला गाँधी पार्क, गोण्डा**

श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की चार इकाईयों का सप्त दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 25.03.2023 से 31.03.2023 तक म्यूनिसिपल प्राइमरी पाठशाला, गांधी पार्क, गोण्डा में आयोजित किया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चार इकाईयां संचालित है। प्रत्येक इकाई में 100 स्वयं सेवक/स्वयं सेविकाएं है।

शिविर के प्रथम दिवस दिनांक 25.03.2023 को प्रत्येक इकाई के कार्यक्रमाधिकारी अपनी–अपनी इकाई के सभी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को लेकर विशेष शिविर के लिए निर्धारित स्थान, म्यूनिसिपल प्राइमरी पाठशाला, गांधी पार्क पहुंचे। शिविर स्थल पर पहुँच कर सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल एवं उसके आसपास की साफ सफाई किया। शिविर लगाने के बाद में सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की। शिविर के प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री शिवराज प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक, गोण्डा एवं विशिष्ट अतिथि सुश्री वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध तंत्र, श्री लाल बहुदर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप–प्रज्ज्वलन कर सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डॉ चमन कौर, डॉ परवेज आलम, डॉ0 दिलीप शुक्ला ने बुके एवं मोमेंटो भेंटकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। स्वयं सेविका जागृति तिवारी, गार्गी मिश्रा, आंचल भारती ने सरस्वती वंदना 'वीणा वादिनि वर दे' प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। साक्षी सिंह, जागृति तिवारी, गार्गी मिश्रा ने उद्घाटन में उपस्थित सभी अतिथियों के स्वागत सत्कार में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर की कार्य योजना प्रस्तुत कर सात दिन तक चलने वाले विशेष शिविर में प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी सभी स्वयंसेवकों को दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री शिवराज प्रजापति ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सभ्य समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण स्थान है। सभी छात्रों में मानव मूल्यों का विकास करना मानवता के लिए आवश्यक है। सभी छात्रों को भविष्य में समाज का जिम्मेदार नागरिक बनना हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण होता है। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो0 दीनानाथ तिवारी ने उद्घाटन सत्र में आये हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात

मध्यावकाश में सभी अतिथियों एवं चारों इकाईयों के स्वयं सेवकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। बौद्धिक सत्र के ठीक पहले चारों इकाइयों के स्वयं सेवकों के भोजन की व्यवस्था हुई। भोजन से पहले सभी स्वयंसेवकों ने भोजन मंत्र पढ़ा। तत्पश्चात प्रातःकालीन सभा का विसर्जन हुआ।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के प्रथम दिन के वौद्धिक सत्र का प्रारम्भ 2 बजे अपराह्न हुआ। बौद्धिक सत्र में श्री शिव राज प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में छात्रों को संबोधित किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए साइबर क्राइम, नशा खोरी की बढ़ती समस्या पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं सेवकों को जागरूक करते हुए कहा कि हमें सोशल मीडिया का प्रयोग अत्यन्त सावधानी के साथ करना है। सोशल मीडिया ही साइबर क्राइम का गेट वे है। हमें किसी भी अनजान कॉल, मैसेज का जवाब नहीं देना है। किसी को भी फोन पर आया हुआ पासवर्ड या OTP नही बताना है। अगर किसी प्रकार की धोखाधड़ी या ठगी हो जाये तो हमें तुरंत टोल फ्री नंबर–1930 पर तुरंत फोन करना है। अगर टोल फ्री न० पर बात न हो पाये तो हमें 112 नंबर पर पुलिस को सूचना देना है और निकटतम पुलिस स्टेशन जाकर प्राथमिकी दर्ज कराना है। हमें किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार नहीं करना है।

स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि से अपनी अपनी जिज्ञासा के अनुरूप प्रश्न पूछा, जिसका मुख्य अतिथि श्री शिव राज प्रजापति के द्वारा सम्यक समाधान किया गया। बौद्धिक सत्र के समापन पर वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने उद्घाटन कार्यक्रम में आये हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि का आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के साथ बौद्धिक सत्र का समापन हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने चाय नाश्ता किया। रात्रि 8 बजे स्वयंसेवकों ने भोजन किया । भोजन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति ली गयी। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने शिविर में रात्रि विश्राम किया।



दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि शिवराज प्रजापति, अपर पुलिस अक्षीक्षक, गोण्डा।




उद्घाटन सत्र में स्वयंसेवकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि शिवराज प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक, गोण्डा।



उद्घाटन कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथिगण एवं स्वयंसेवक।

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
## द्वितीय दिवस– 26.03.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रातः 5 बजे सभी स्वयं सेवक सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी इकाईयों के स्वयं सेवक शिविर के सभा स्थल पर प्रातः 06 बजे उपस्थित हुए। सभा स्थल पर सभी स्वयं सेवकों ने 'वह शक्ति हमें दो दया निधि' प्रार्थना की।

तत्पश्चात स्वयंसेवक कुलदीप यादव ने आज का अमृत विचार सभी स्वयं सेवकों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्र का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने सभी स्वयंसेवकों को जीवन में योग के महत्व से परिचित कराया। स्वयंसेविका आंचल भारती ने सभी स्वयंसेवकों को योगासन सिखाया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने नाश्ता किया। नाश्ता के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने शिविर और उसके आसपास की साफ सफाई की। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवकों के समक्ष दिन भर की गतिविधियों की रूप रेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात् चारों इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर स्थल गाँधीपार्क से वेल्लही माता मंदिर तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवकों ने शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के लिए नारे लगाये। वेल्लही माता मंदिर पहुँचकर सभी छात्रों ने मंदिर परिसर की साफ–सफाई की। नवरात्रि का समय होने के कारण मंदिर परिसर में काफी भीड़ थी। स्वयंसेवकों ने सभी श्रद्धालुओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सभी स्वयंसेवकों ने वेल्लही माता का दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। तत्पश्चात सभी इकाई के स्वयंसेवकों ने अपनी–अपनी इकाई के द्वारा गोद लिए गये गाँवों में स्वच्छता जागरूकता से संबंधित रैली निकाली। प्रथम इकाई के द्वारा अपने द्वारा गोद लिए हुए गाँव **बंगरहवा** में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गयी। सभी स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर सर्वेकर स्वच्छता एवं पेयजल की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी हासिल की और सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवक रैली के रूप में वापस शिविर स्थल पहुँचे। विश्राम के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस अपराह्न 02 बजे बौद्धिक सभा का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में डिवाइन हार्टकेयर एवं मल्टी स्पेशलिटी सेन्टर गोमती नगर, लखनऊ के प्रख्यात हृदय चिकित्सक डॉ0 पंकज श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेविका गार्गी मिश्रा, जागृति तिवारी एवं आँचल भारती ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य

अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए उत्तम स्वास्थ्य के फायदों के बारे में बताया। साथ ही हृदय से सम्बंधित रोगों में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी स्वयंसेवकों को जानकारी दी। डॉ पंकज श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें शिक्षा ग्रहण करते हुए अपने मन को समाज सेवा में भी लगाना है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित व्यावसायी एवं एडवोकेट राजेन्द्र सिंह खुराना ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 परवेज आलम ने किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ आज के बौद्धिक सत्र का समापन हुआ।




शिविर स्थल से वेल्लही माता मन्दिर तक स्वच्छता जागरुकता रैली।



वेल्लही माता मन्दिर में कार्यक्रमाधिकारी के साथ स्वयंसेवकों की फोटोग्राफी।




बौद्धिक सत्र में छात्रों को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ0 पंकज कुमार श्रीवास्तव।

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
# तृतीय दिवस 27.03.2023

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस प्रातः 5 बजे सभी स्वयंसेवक सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होकर सभी स्वयं सेवक प्रातः 07 बजे सभा स्थल पर एकत्र हुए। सभा स्थल पर सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज हुई। सभा स्थल पर सभी स्वयंसेवकों के द्वारा की गयी 'वह शक्ति हमें दो दयानिधि' प्रार्थना के साथ सभा की शुरुआत हुई। तत्पश्चात स्वयंसेविका आकांक्षा ओझा ने आज का सुविचार सभा स्थल पर प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। पूर्व दिवस की गतिविधियों की खबरों की समाचार पत्रों में छपी हुई खबरों की कटिंग काटकर स्मृति रजिस्टर पर चिपकाया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविका साक्षी सिंह ने सभी स्वयं सेवकों को योगासन सिखाया। योगासन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवकों ने शिविर एवं उसके आसपास की साफ सफाई की। प्रातः 10 बजे सभी स्वयंसेवकों ने सभा स्थल पर उपस्थित होकर परेड सरकार में स्थित सम्मय माता मन्दिर तक स्वच्छता एवं पर्यावरण के मुद्दे पर जनजागरुकता रैली निकाली। सभी छात्र अपने–2 हाथों में स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता से सम्बन्धित नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर रैली निकालकर सम्मय माता मन्दिर पहुँचे। सभी स्वयंसेवकों ने सम्मय माता मन्दिर परिसर की साफ सफाई की। सभी स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर में बैठकर थोड़ा विश्राम किया। विश्राम के उपरान्त सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों ने अपनी अपनी इकाई के द्वारा गोद लिए हुए गांव में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हुए मुद्दे पर डोर टू डोर सर्वे करने के लिए प्रस्थान किया। **प्रथम इकाई** के स्वयंसेवकों ने परेड सरकार के गाँव **बंगरहवा** में स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता के लिए डोर टू सर्वे किया कर लोगों की समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं का अध्ययन किया। सर्वे के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम **बंगरहवा** से शिविर स्थल तक पुनः रैली निकालकर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दे पर नारे लगाते हुए शिविर स्थल पर पहुँचे। शिविर स्थल पहुँच कर सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

शिविर स्थल पर 'पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य' के मुद्दे पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में एम०ए० हिन्दी की छात्रा सरिता सिंह ने प्रथम, बी०ए० द्वितीय वर्ष की छात्रा सबा चौधरी ने द्वितीय एवं बी०ए० तृतीय वर्ष के छात्र कुलदीप यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता के पश्चात प्रथम सत्र की सभा विसर्जित हुई।

आज के बौद्धिक सत्र का आयोजन शिविर स्थल पर अपराह्न 02:00 बजे किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डा0 ए०पी० सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद गोण्डा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों का बहुत बड़ा योगदान है। स्वयंसेवकों को स्वयं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना है और समाज को भी जागरूक बनाये रखना है। समाज के लोगों को कोरोना, संचारी रोग, स्वच्छ पेयजल के प्रति हमेशा सतर्क करना है, जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। सभी स्वयंसेवकों ने मुख्य अतिथि से स्वास्थ्य से संबन्धित प्रश्न पूछे। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों के सभी प्रश्नों का सम्यक समाधान किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिहं ने बौद्धिक सत्र में आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। आभार ज्ञापन के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने चाय नाश्ता किया। रात्रि 8 बजे सभी स्वयं सेवकों ने भोजन किया। भोजन के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि विश्राम किया।




शिविर स्थल से सम्मय माता मन्दिर तक निकाली गयी रैली।



सम्मय माता मन्दिर की साफ सफाई करते स्वयंसेवक।



ग्राम वंगरहवा में डोर टू डोर सर्वे करते स्वयंसेवक




बौद्धिक सत्र को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ0 ए0पी0सिंह।

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर
## चतुर्थ दिवस 28.03.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 6 बजे सोकर उठे। नित्य क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी स्वयंसेवक 07 बजे शिविर के प्रार्थना स्थल पर पहुँचे। 'इतनी शक्ति हमें देना दाता' की प्रार्थना से स्वयंसेवकों ने आज की सभा की शुरुआत की। तत्पश्चात स्वयं सेविका रिचा कसौंधन ने आज का अमृत विचार सभी स्वयंसेवकों को पढ़कर सुनाया। सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 दिलीप शुक्ला ने सभी स्वयंसेवकों को योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। सभी सवयंसेवकों ने शिविर स्थल और आस–पास की सफाई किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने सभी स्वयंसेवकों को आज की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकीरी दी गयी। इसके उपरान्त सभी स्वयंसेवकों नाश्ता किया।

शिविर के प्रथम सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने गाँधी पार्क एवं आदि शक्ति माता के प्राचीन मंदिर के परिसर की साफ–सफाई कर नगर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। 70 स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के रूप में महाविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० रंजन शर्मा, शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो० शिव शरण शुक्ल जी ने सभी प्रतिभागियों के पोस्टर पेंटिंग का मूल्यांकन किया। सभी अतिथियों ने स्वयंसेविकों के द्वारा बनायी गयी पोस्टर पेंटिंग की सराहना की। पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा जागृति तिवारी ने प्रथम स्थान, बी०ए० द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि तिवारी ने द्वितीय स्थान एवं बी०एस–सी० तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योत्सना रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

कार्यक्रम के 'बौद्धिक सत्र में 'पर्यावरण सुरक्षा एवं जल संरक्षण' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 ओ0पी0 मिश्र पूर्व प्राचार्य, एम0एल0के० पी० जी० कालेज बलरामपुर ने माँ सरस्वती के चित्र माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्जलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी एवं अन्य कार्यक्रमाधिकारी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं मोमेन्टो भेंट किया। डॉ0 ओ0पी0 मिश्र ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संकट आज की ज्वलंत समस्या है। बढ़ते प्रदूषण, ओजोन परत अपक्षय, निरंतर पिघलते हुए ग्लेसियर सम्पूर्ण विश्व की मानवता के लिए संकट बने हुए है। हमें राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा के प्रति निरन्तर प्रयास करना होगा। समाज में वृक्षारोपण जलसंरक्षण के प्रति लोगों को निरन्तर जागरुक करना

होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रो0 रंजन शर्मा, अध्यक्ष, भूगोल विभाग, श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय गोण्डा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो0 शिव शरण शुक्ला, अध्यक्ष, शिक्षाशास्त्र विभाग ने छात्रों से वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए समाज को जागरूक करने पर बल दिया।

प्रेरक वक्ता के रूप में डॉ0 अवधेश कुमार वर्मा, असिस्टेंट प्रोफेसर, भूगोल विभाग ने ग्लोबलाइजेशन के दौर में बढ़ते वैश्विक तापन, निरंतर पर्यावरण संरक्षण के लिए हो रहे वैश्विक उपाय, निरन्तर हो रहे ओजोन परत अपक्षय एवं वैश्विक स्तर पर किये जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि डॉ0 ओ0पी0 मिश्र ने पर्यावरण सुरक्षा एवं जल संरक्षण के मुद्दे पर आयोजित हुई प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर ने किया। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। राष्ट्रगान के उपरान्त कार्यक्रम का समापन हुआ। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने चाय नाश्ता किया। रात्रि 8 बजे सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि विश्राम किया।



गॉधीपार्क की साफ–सफाई करते स्वयं सेवक।



स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर बनायी गयी पोस्टर पेटिंग।




बौद्धिक सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 ओ0पी0 मिश्र



पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता की विजेता को पुरुस्कृत करते मुख्य अतिथि।

## सप्त दिवसीय विशेष शिविर,
## पंचम दिन 29.03.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिन स्वयंसेवक सभी स्वयंसेवक 5 बजे सोकर उठे। दैनिक क्रिया से निवृत होकर सभी स्वयंसेवक 6 बजे प्रार्थना स्थल पर एकत्र हुए। सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना की। प्रार्थना स्थल पर सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति दर्ज की गयी। तत्पश्चात स्वयंसेविका सबा चौधरी ने आज का सुविचार सभा स्थल पर प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा समाचार पत्रों का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम के द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं से स्वयंसेवकों को परिचित कराया गया और योगासन के लाभ बताया गया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरान्त सभी ने शिविर स्थल के आस–पास साफ–सफाई की।

विशेष शिविर के पंचम दिन के प्रथम सत्र में बालिका शिक्षा एवं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 106 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। स्लोगन प्रतियोगिता में कुल 64 स्वयंसेवकों/सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने बालिका शिक्षा के मुद्दे पर शिविर स्थल से चयनित गाँव **बंगरहवा** तक जन जागरूकता रैली निकाली। चयनित ग्राम में बालिका शिक्षा की उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने के लिए स्वयंसेवकों ने डोर टू डोर सर्वे किया। सर्वे के उपरान्त सभी स्वयंसेवक वापस शिविर स्थल पहुँचे। शिविर स्थल पहुँचकर सभी सेवकों ने भोजन किया। तत्पश्चात पंचम दिन के प्रथम सत्र का समापन हुआ।

विशेष शिविर के पंचम दिन आयोजित बौद्धिक सत्र में बालिका शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती गुंजन शाह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि गुंजन शाह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा वर्तमान समाज की आवश्यकता है। पढ़ी लिखी लड़की दो परिवारों का घर रोशन करती है। शिक्षा के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक हो सकेंगी। श्रीमती शाह ने छात्रों को समाज सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित हो कर सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती पूजा छाबड़ा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा का कार्य सबसे पुनीत कार्य है। हमें शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही समाज सेवा का भी गुण सीखना है। प्रेरक वक्ता के रूप में डॉ0 अभिक सिहं ने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने पर बल दिया। मुख्य

अतिथि ने पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। पोस्टर प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि तिवारी एवं गार्गी मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, एम० ए० हिन्दी की छात्रा सरिता सिंह ने द्वितीय स्थान एवं बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा लक्ष्मी कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में आँचल भारती ने प्रथम स्थान, कुलदीप यादव ने द्वितीय स्थान एवं अभिनव पाण्डेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विचार गोष्ठी का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डा0 दिलीप शुक्ला ने किया। वरिष्ट कार्यक्रमाधिकारी, श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत सभा का समापन हुआ। रात्रि 8 बजे सभी स्वयंसेवकों ने भोजन ग्रहण कर रात्रि विश्राम किया।



बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के थीम पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी।




मुख्य अतिथि के साथ पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागी।



बौद्धिक सत्र को संबोधित करती मुख्य अतिथि।

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर,
# षष्ठम दिन 30.03.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन शिविर के सभी स्वयंसेवक प्रातः 05 बजे सोकर उठे। दैनिक क्रिया से निवृत्त होने के पश्चात सभी स्वयंसेवक 6 बजे सभा स्थल पर उपस्थित हुए। सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना की। अनूप सिंह ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम से सभी स्वयंसेवकों को योगासन का अभ्यास कराया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने सुबह का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरांत स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल एवं उसके आसपास की साफ सफाई की।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन प्रथम सत्र का आरंभ 10 बजे हुआ। सभी स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा के मुद्दे पर शिविर स्थल से चयनित ग्राम **बंगरहवा** तक जनजागरूकता रैली निकाली। **बंगरहवा** पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति *जागरुक किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामवासियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात* के नियमों से परिचित कराया। तत्पश्चात सभी छात्रों ने चयनित ग्राम की सीमा में स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। वृद्धाश्रम का संचालन समाज कल्याण विभाग में पंजीकृत एन0जी0ओ0 द्वारा किया जाता है। वृद्धाश्रम में अपने परिवार से परित्यक्त वृद्धजन निवास करते हैं। सभी स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम का भ्रमण कर वृद्धों की समस्याओं का ध्यान से समझा और वृद्धों की पारिवारिक पृष्ठभूमि का सर्वे किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों के द्वारा वृद्धों को केला एवं बिस्कुट का वितरण किया गया। तत्पश्चात सभी छात्रों ने पुनः बृद्धाश्रम से लेकर शिविर स्थल तक रैली निकालकर शहरवासियों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया। शिविर स्थल पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन आयोजित बौद्धिक संत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शहर की प्रख्यात महिला चिकित्सक डॉक्टर अनीता मिश्रा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज सेवा का प्रण लेना है। समाज सेवा की महिमा का वर्णन हमारे पौराणिक धर्मग्रन्थों में भी मिलता है। समाज सेवा के माध्यम से हम बेहतर भविष्य एवं बेहतर भारत का निर्माण कर सकते हैं। प्रकृति भी हमें परमार्थ का पथिक बनने की सीख देती है।

साथ ही मुख्य अतिथि डॉ0 अनीता मिश्रा ने छात्रों को उत्तम स्वास्थ के लिए आवश्यक दिनचर्या के बारे में परिचित कराया। मुख्य अतिथि के द्वारा 'प्राकृतिक आपदा प्रबंधन' विषय पर

आयोजित निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया। निबंध प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र कुलदीप यादव ने प्रथम, बी०ए० द्वितीय वर्ष की छात्रा सबा बानो ने द्वितीय स्थान एवं एम0ए0 हिन्दी प्रथम वर्ष की छात्रा रिचा कसौधन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 चमन कौर ने किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरान्त बौद्धिक सत्र का समापन हुआ।

सभी स्वयंसेवकों ने रात्रि 8 बजे भोजन किया। तत्पश्चात सभी ने रात्रि विश्राम किया।




वृद्धाश्रम में निराश्रित जन का हाल चाल पूछते स्वयंसेवक



ग्राम वंगरहवा में डोर टू डोर सर्वे करते स्वयंसेवक।




कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्य अतिथि डॉ0 अनीता मिश्रा।

## सात दिवसीय विशेष शिविर
## सप्तम दिन–31.03.2023

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिन सभी स्वयंसेवक प्रातः 05:30 बजे सोकर उठे। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों के दैनिक क्रिया से निवृत्त होकर 6 बजे सभा स्थल पर एकत्र हुए। सभा का प्रारंभ स्वयंसेवकों द्वारा की गयी प्रार्थना 'वह शक्ति हमें दो दयानिधि' से हुई। तत्पश्चात कीर्ति सिंह के द्वारा आज का सुविचार प्रस्तुत किया गया। सुविचार प्रस्तुतीकरण के बाद सभी स्वयंसेवकों ने समाचार पत्रों का वाचन किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को योग साधना की विभिन्न मुद्राएँ सिखायी गयीं। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने प्रातः काल का नाश्ता किया। नाश्ते के उपरान्त सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल और उसके आस–पास की साफ सफाई की।

सप्तम दिवस के प्रथम सत्र की सभा का आरंभ 10 बजे हुआ। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा शिविर स्थल से चयनित ग्राम बंगरहवा तक जल संरक्षण के मुद्दे पर जन जागरुकता रैली निकाली गयी। चयनित ग्राम पहुँचकर स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों को जल जनित संक्रामक बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही स्वयंसेवकों ने ग्रामवासियों से जल संरक्षण को बढ़ावा देने की अपील की। स्वयंसेवकों ने ग्राम वासियों से शुद्ध पेयजल का प्रयोग करने, रेन वाटर हारवेस्टिंग पर जोर देने पर बल दिया। तत्पश्चात सभी स्वयं सेवक चयनित ग्राम **बंगरहवा** से रैली निकाल वापस शिविर स्थल पर पहुँचे। शिविर स्थल पहुँचकर सभी स्वयंसेवकों ने विश्राम किया। तत्पश्चात 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं' की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। रंगोली प्रतियोगिता में साक्षी यादव, कीर्ति सिंह, ज्योति पाण्डेय की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सबा चौधरी, वन्दना पाण्डेय, प्रीति वाजपेयी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गायत्री सिंह, ज्योत्सना रावत, आकांक्षा ओझा की टीम ने रंगोली प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने भोजन किया। भोजन के बाद सभी स्वयंसेवकों ने अल्प विश्राम किया।

सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन के समापन सत्र का शुभारंभ अपराह्न 02 बजे हुआ। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 कुलदीप सिंह, मा0 उपजिलाधिकारी सदर, गोण्डा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वर्षा सिंह, उपाध्यक्ष, प्रबंध तन्त्र, श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। लकी तिवारी, आँचल भारती, साक्षी सिंह ने माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत किया एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 चमन कौर, डॉ0 दिलीप शुक्ला, डॉ0 परवेज आलम के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को मोमेंटो, एवं अंग वस्त्र भेंट किया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह के द्वारा सप्त दिवसीय विशेष शिविर के सात दिवस की गतिविधियों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ0 कुलदीप सिंह ने समापन सत्र में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज सेवा ही देश के विकास एवं प्रगति का आधार है। समाज सेवा से बढ़कर पुण्य का कोई दूसरा कार्य नही है। हमें शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही समाज सेवा में रुचि लेती है। मुख्य अतिथि ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को स्वयंसेवकों के साथ साझा किया। विशिष्ट अतिथि वर्षा सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें समाज सेवा में अपने मन को लगाना है। सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दौरान आयोजित की गयी विविध प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरुस्कृत किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक ईकाई के सभी स्वयंसेवकों ने इस मुख्य अतिथि के साथ फोटो ग्राफी करायी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 परवेज आलम के द्वारा किया गया। वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी श्री पवन कुमार सिंह ने आये हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक राष्ट्रगान किया। राष्ट्रगान के उपरान्त सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने जलपान किया। जलपान के पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल के आसपास साफ सफाई की। तत्पश्चात सप्त दिवसीय विशेष शिविर का सुखद समापन हुआ। सभी इकाई के स्वयंसेवकों ने शिविर की सुखद स्मृतियों को साथ लकर अपने अपने घरों को प्रस्थान किया।



समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को मोमेंटो भेंट कर स्वागत करते कार्यक्रमाधिकारीगण।



समापन कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक।




समापन सत्र में स्वयंसेवकों को संबोधित करते मुख्य अतिथि, डॉ0 कुलदीप सिंह, एस0डी0एम0 सदर, गोण्डा।

समाचार पत्रों में प्रकाशित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर की खबरें

# एनएसएस में भी प्रतिभाग करें छात्र

**एलबीएस के राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर**

**गोण्डा (एसएनबी)।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन म्यनिसिपल प्राइमरी पाठशाला गाँधी पार्क में किया गया है। स्वयं सेवकों के द्वारा गांधी पार्क से लेकर बेल्लही माता मंदिर तक स्वच्छता रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। स्वयं सेवकों ने बेल्लही माता मंदिर परिसर की सफाई किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में डिवाइन हार्ट मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल गोमती नगर लखनऊ के प्रख्यात हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डा श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना से भी जुड़े और। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद एडवोकेट राजेंद्र सिंह खुराना ने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डा चमन कौर, कार्यक्रमाधिकारी डा दिलीप शुक्ला, डा.परवेज आलम ने भी अपने विचार रखे।



कार्यक्रम में डा पंकज श्रीवास्तव को सम्मानित करते एलबीएस के प्रोफेसर। फोटो : एसएनबी

# पशुओं के



**गोण्डा (एसएनबी)।** योगी आदित्यनाथ द्वार स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण तहत रविवार को 520 वेटनरी यूनिट को अपने आवास से हरी झंडी दिखा मोबाइल यूनिट की लागत

उन्होंने कहा कि प्र स्वास्थ्य को काफी गंभीर को पांच जोन में बांटा गया विभाग की हेल्पलाइन के शुरुआत की। कहा कि नंबर पर समस्या दर्ज कर

# आज आयेगा भुजवा मे

**इटियाथोक- गोण्डा (एसएनबी)।** विगत कई दशकों से अयोध्या, बाराबंकी, सल्तानपुर आदि गैर जनपदों से हजारों की तादात में माता भक्त पैदल देवीपाटन मंदिर को यात्रा हेतु चैत्र नवरात्रि में जाते है। यह लोग रास्ते में हर साल पूर्व निर्धारित स्थानों पर रुककर

**मेलार्थियों के लिए जलपान पानी, प्रकाश व मोबाइल चार्जिंग की रहेगी व्यवस्था**

विश्राम करते है। अयोध्या निवासी मेला



आये
के सानिध्य
न मंदिर
या गया।
धना,
गोंडा की
स्वागत
आर्ट ऑफ़
योग ध्यान
ार से
वीर सिंह,
चावला,
ीप सिंह,
ा, प्रबल
स्थित रहे।
ाली
ग दल
हुई।
न के
दाकांत
कत्रित
भ्रमण
में संपन्न
राम
अतिथि
जेंद्र सिंह
हिंदू परिषद
बृजेश,
न भट्ट,
द रहे।
स्वामी
सम्मान
ाज
के स्वामी
ार्य
जत किया
प्रकाश
ल
कमेटी
तक
सम्मानित

न्द्र कुमार शाही पुलिस
ऊ, अखिलेश कुमार

परीक्षण



। सम्मानित करते लोग।

क्रिया उदघाटन

विद्यालय हलधरमऊ
द्वारा जनहित हेतु शुद्ध
उद्‌घाटन सोमवार को
ाधिकारी करनैलगंज
बताया कि बलरामपुर
ता है। स्कूल में ईकाई
इस अवसर पर पुलिस
, शमशेर बहादुर सिंह,
रहे।

हुंचा
मेला

ाल की व्यवस्था कराई
येक स्वास्थ्य केंद्र के
र्थियों के बीच जरूरी
र उनकी स्वास्थ्य जांच
गई। इसके साथ ही
थाने की पुलिस टीम
पर सुरक्षा के मद्देनजर
।

कीपुर फैजाबाद
ा प्रमुख सत्रोहन गुप्ता
संख्या पांच हजार से
पुरुष और बच्चे सभी
ताया कि अगले दिन
। पैदल यात्रा के लिए
र पहुंचकर देवी मां के
नी को करेंगे।



## थाने में गश खाकर गिरी महिला, देखते रहे पुलिसकर्मी

RSLKD 3 28.03.2023.p...

बाद होश आने पर पीड़ित महिला के पति ने सहारा देकर थाने के बगल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला सामान्य हो सकी। जिस समय पीड़ित महिला को चक्कर आया पूरे थाना स्टाफ के कर्मचारी सिपाही से लेकर दरोगा तक देखते रहे लेकिन किसी ने मदद के लिए हाथ नही बढ़ाया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया कि महिला की शिकायत पर पड़ोसियों द्वारा मारपीट की जांच कराई जा रही है। सीएचसी अधीक्षक अमित भारती ने बताया कि महिला का उपचार किया गया है, स्थिति सामान्य है।

## समय से कार्यालय नहीं आते कर्मचारी

**आर्य नगर-गोण्डा (एसएनबी)।** अधिकारियों के आदेश का बाल विकास परियोजना कार्यालय के कर्मचारियों पर कोई असर नहीं करता है। यहां कर्मचारी द्वारा मेन गेट खोल कर कार्यालय से गायब रहते है। सुबह करीब 11 बजे बाल विकास परियोजना कार्यालय का चैनल खुला हुआ था। अंदर बाल विकास परियोजना अधिकारी कक्ष सहित अन्य कार्यालय में ताला लटक रहा था, जबकि शासन का निर्देश है कि सभी अधिकारी प्रत्येक दिन 10 से 12 तक कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करें। इसकी शिकायत लोगों ने अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों से की। इस संबंध में प्रधान लिपिक केशव राम ने बताया कि विभागीय कार्य के चलते विकास भवन आया हुआ हूं। अधिकारियों के बारे में हमें जानकारी नहीं है।

## स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



**गोण्डा (एसएनबी)।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आयोजन म्युनिसिपल प्राइमरी पाठशाला गांधी पार्क में किया गया है। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वयं सेवकों द्वारा प्रार्थना से किया गया। स्वयंसेवकों के द्वारा गांधी पार्क से लेकर सम्मय माता मंदिर तक जन जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। स्वयं सेवकों ने सम्मय माता मंदिर परिसर की सफाई किया। परेड सरकार एवं नेवलगंज गांव मे छात्रों ने डोर टू डोर सर्वे कर लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की विशेष शिविर के बौद्धिक सत्र में डा ए पी सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष जसपाल सिंह सलूजा ने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। प्रेरक वक्ता के रूप में प्रो आर बी सिंह बघेल ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी पवन कुमार सिंह, कार्यक्रमाधिकारी डा चमन कौर, कार्यक्रमाधिकारी डा.दिलीप शुक्ला डा.परवेज आलम ने अपने विचार रखे।

**Prathama UP Gramin Bank**
(sponsored by : Punjab National Bank)
Head Office : Ram Ganga Vihar Phase-IInd Moradabad
Regional Office Gonda
e-mail : rmgon@prathamaupbank.com
website : prathamaupbank.com

Regional Office :
Phone : 05262-232303

**पट्टे पर परिसर की आवश्यकता है**

प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक को अपनी शाखा **बेलसर तहसील तरबगंज जिला गोण्डा** हेतु पट्टे पर उचित परिसर की आवश्यकता है, जिसका कारपेट एरिया लगभग 900 (+/-15%) वर्गफीट हो व परिसर में स्वतंत्र प्रवेश, बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था हो। परिसर कामर्शियल क्षेत्र/भवन में होना चाहिए व यथा संभव भवन भूतल पर हो, मुख्य मार्ग/चौड़ी सड़क हो, पार्किंग, जनरेटर रखने का स्थान हो। परिसर सामान्यतः 15 वर्ष (5+5+5) हेतु पट्टे पर लेना प्रस्तावित है। इच्छुक भवन मालिक अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप पर सीलबन्द

मुख्य भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य कर्मचारी संघ परिषद के अध्यक्ष इन्द्र पाल तिवारी को चुनाव अधिकारी बनाया गया था। चुनाव में मनोज कुमार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा रमेश कुमार शुक्ल को कोषाध्यक्ष चुना गया। अधिवेशन सम्पन्न होने पर चुनाव अधिकारी ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नयी कार्यकारिणी को संघ की जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर सीतापति मिश्र, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष विजय कुमार राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद आदि मौजूद रहे। इसके बाद पुरानी पेंशन बहाली हेतु बैठक की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु अग्रिम कार्यक्रम में संभागीय परिवहन कार्यालय के सभी कर्मचारी एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।

## एनएसएस कैम्प का समापन



एनएसएस कैम्प समापन के दौरान एसडीएम सदर को स्मृति चिन्ह सौंपते कैम्प के पदाधिकारी व मौजूद जसपाल सिंह सलूजा। फोटो : एसएनबी

**गोण्डा (एसएनबी)।** लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम म्युनिसिपल प्राइमरी पाठशाला गांधी पार्क में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप सिंह, एसडीएम सदर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस की छात्रा कल्पना एवं गायत्री ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ कुलदीप सिंह ने कहा कि मानव के राष्ट्र सेवा लिए सर्वोपरि हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध तंत्र की उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी पवन कुमार सिंह ने सप्त दिवसीय विशेष शिविर की गतिविधियों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रमाधिकारी डा चमन कौर, कार्यक्रमाधिकारी डा.दिलीप शुक्ला डा.परवेज आलम ने भी अपने विचार रखे। डा दिलीप शुक्ला ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डा चमन कौर ने किया।

## राहुल गांधी की छबि खराब कर रहे भाजपाई



### उप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने की प्रेस वार्ता

**गोण्डा (एसएनबी)।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसदीय सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में स्थानीय कांग्रेस भवन में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि जब जब राहुल गांधी ने सदन में अडानी के बारे में चर्चा कराने की मांग की, तब तब वर्तमान भाजपा सरकार चर्चा के लिए तैयार नहीं

Principal
Shri Lal Bahadur Shastri Degree College
Gonda

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
IQAC

(डॉ0 पवन कुमार सिंह)
वरिष्ठ कार्यक्रमाधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रथम इकाई
श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा

## UNIT - I

| Sr. No | District | Name of Intitution | NAME OF VOL. | FATHER NAME | Gender | Email ID of Vol. | Mobile No. | Category (Gen/OBC/ SC/ST) | CLASS | Subject/Faculty (Art/Sci./Com./Edu./Ag.) | Date of Birth | Aadhar No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ALOK KUMAR | SHRI ASHOK KUMAR | MALE | alokkumarroh5@gmail.com | 9369702745 | OBC | B.A. 3 | Art | 21/12/2001 | 51649514151 |
| 2 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | AMIT SHUKLA | SHRI RAKSHA RAM SHUKLA | MALE | kppgonda@gmail.com | 9919296213 | GEN | B.A. 3 | Art | 11/07/2003 | 88885656520 |
| 3 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | DEVESH PANDEY | SHRI ASHISH KUMAR PANDEY | MALE | rsup43@gmail.com | 8303153973 | GEN | B.A. 3 | Art | 30/11/2003 | 29301302374 |
| 4 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | GAJENDRA SINGH | SHRI SHIV SHANKAR SINGH | MALE | sbsingh572003@gmail.com | 9628767651 | GEN | B.A. 3 | Art | 05/06/2003 | 93193464157 |
| 5 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | HARI SHANKAR BHARTI | SHRI SAHEB DEEN | MALE | harigonda7571@gmail.com | 7571039181 | SC | B.A. 3 | Art | 20/05/2001 | 40469955758 |
| 6 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | KALI CHARAN SHUKLA | SHRI SHIV KUMAR SHUKLA | MALE | sukkalicharanshukla630612@gmail.com | 6306124189 | GEN | B.A. 3 | Art | 17/07/2002 | 41586255601 |
| 7 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | KULDEEP YADAV | SHRI RAM DEV YADAV | MALE | drkuldeep7068@gmail.com | 7068000301 | OBC | B.A. 3 | Art | 25/06/2003 | 52035121440 |
| 8 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | MANISH KUMAR SHARMA | SHRI MANOJ KUMAR | MALE | mks92213001@gmail.com | 9792213001 | OBC | B.A. 3 | Art | 10/07/2002 | 24501899918 |
| 9 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | MANOJ KUMAR | SHRI JAMUNA PRASAD | MALE | manojkumar8874246156@gmail.com | 8874246156 | SC | B.A. 3 | Art | 03/01/2001 | 65305301530 |
| 10 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | PRADEEP KUMAR | SHRI PARAS NATH | MALE | pradeepkumarsciit193@gmail.com | 7571023450 | SC | B.A. 3 | Art | 05/07/2001 | 48026256869 |
| 11 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | PRADEEP TIWARI | SHRI OM PRAKASH TIWARI | MALE | pardeept018@gmail.com | 8318793745 | GEN | B.A. 3 | Art | 15/07/2003 | 89628622649 |
| 12 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | PRATAP NARAYAN GUPTA | SHRI SUKH RAM GUPTA | MALE | vijaykumargupta2120@gmail.com | 6387669882 | OBC | B.A. 3 | Art | 12/10/2003 | 98175178244 |
| 13 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | RAMESH SHARMA | SHRI DAYA SHANKAR SHARMA | MALE | sharmarameshsharma807@gmail.com | 7379868225 | OBC | B.A. 3 | Art | 05/04/2002 | 45637840222 |
| 14 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | RAVI PRAKASH VERMA | PHOOL CHAND VERMA | MALE | gonda003@gmail.com | 9336194952 | OBC | B.A. 3 | Art | 02/07/2003 | 62407820085 |
| 15 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SHIVAKANT PATHAK | SHRI KESHAV RAM PATHAK | MALE | shivakantpathakgonda@gmail.com | 7607943721 | GEN | B.A. 3 | Art | 24/04/2002 | 70021407058 |
| 16 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SUNIL KUMAR VERMA | SHRI DRIGRAJ VERMA | MALE | gonda003@gmail.com | 9839671108 | OBC | B.A. 3 | Art | 10/01/2003 | 57218516469 |
| 17 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SURJEET YADAV | SHRI CHANDRA BUX YADAV | MALE | drkuldeep7068@gmail.com | 9305241657 | OBC | B.A. 3 | Art | 03/07/2002 | 81828611324 |
| 18 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ABHISHEK PANDEY | SHRI SURYA MANI PANDEY | MALE | abhishekpandeygondaup43@gmail.com | 7388773583 | GEN | M.A. 1 | Art | 31/12/2001 | 77665199191 |
| 19 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ABHISHEK SHUKLA | SHRI VED KUMAR SHUKLA | MALE | abhishekshuklalaibudwa@gmail.com | 9792810815 | GEN | M.A. 1 | Art | 02/07/2002 | 25496575651 |
| 20 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ABHINAV PANDEY | SHRI RAM SAWARE PANDEY | MALE | abhinavpandeyktb2006@gmail.com | 8922841506 | GEN | B.A. 1 | Art | 10/07/2006 | 55690068881 |
| 21 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | AMIT KUMAR MISHRA | SHRI KARAM CHANDRA MISHRA | MALE | shivam9984915209@gmail.com | 9984915209 | GEN | B.A. 1 | Art | 15/09/2005 | 46488297491 |
| 22 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ANKIT KUMAR | SHRI RAMDHAN | MALE | ankitravat170@gmail.com | 6305348912 | SC | B.A. 3 | Art | 01/01/2005 | 85058115119 |
| 23 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ANKIT SONI | SHRI BHEEMSEN SONI | MALE | aksonisoni00@gmail.com | 7860811550 | OBC | B.A. 1 | Art | 10/08/2003 | 68298069258 |
| 24 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ANOOP SINGH | SHRI DHARM PAL SINGH | MALE | dsingh93185@gmail.com | 9919690271 | GEN | B.A. 1 | Art | 02/03/2005 | 46424043975 |
| 25 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | ATUL MISHRA | SHRI BHAGAUTI PRASAD MISHRA | MALE | atulmisaramisara@gmail.com | 8957439118 | GEN | M.A. 1 | Art | 16/02/2000 | 46806201836 |
| 26 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | CHANDAN PANDEY | SHRI SHESH NATH PANDEY | MALE | sheshnathpandey20@gmail.com | 8299784690 | GEN | BCA 1 | Art | 18/10/2006 | 43652354414 |
| 27 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | DHARMENDRA KUMAR KANAUJIYA | SHRI LAXMAN PRASAD | MALE | ajayk20183@gmail.com | 962120294 | SC | B.A. 3 | Art | 02/05/2002 | 46929238457 |
| 28 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | GAJENDRA PRATAP SINGH | SHRI SURYABALI SINGH | MALE | shivendrapratapsingh9169256400@gmail.com | 7897276975 | GEN | B.A. 3 | Art | 11/09/2003 | 29452045573 |
| 29 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | GAURAV SINGH | SHRI RAJ KUMAR SINGH | MALE | gonda003@gmail.com | 9569181015 | GEN | B.A. 3 | Art | 05/07/2004 | 84307865791 |

# SHRI LAL BAHADUR SHASTRI DEGREE COLLEGE GONDA
## NSS LIST 2022-23 (Special Camp Student List)
## UNIT - I

| Sr. No | District | Name of Intitution | NAME OF VOL. | FATHER NAME | Gender | Email ID of Vol. | Mobile No. | Category (Gen/OBC/ SC/ST) | CLASS | Subject/Faculty (Art/Sci./Com./Edu./Ag.) | Date of Birth | Aadhar No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | JITENDRA KUMAR RAO | SHRI RAM ASHISH | MALE | jitendrarao28022003@gmail.com | 7266879483 | SC | B.A. 2 | Art | 28/02/2003 | 530671828299 |
| 31 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | MANJEET SINGH | SHRI DAN BAHADUR SINGH | MALE | manjeetsinghsingh233@gmail.com | 9696199101 | GEN | M.A. 1 | Art | 26/07/2003 | 998189496375 |
| 32 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | MOHAMMAD IRSHAD | SHRI IRFAN | MALE | r.s.enterprisegonda@gmail.com | 7379067474 | GEN | B.A. 3 | Art | 07/05/2003 | 581660790498 |
| 33 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | MUKESH TIWARI | SHRI JAGDAMBA PRASAD TIWARI | MALE | mukeshtiwari121345@gmail.com | 9670521725 | GEN | M.A. 1 | Art | 08/09/2002 | 649074516501 |
| 34 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | NAND KUMAR JAISWAL | SHRI RAJIT RAM JAISWAL | MALE | nandkjaiswal800433218@gmail.com | 8004332185 | OBC | B.A. 3 | Art | 24/08/2004 | 475829645136 |
| 35 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | PADUMDHAR DUBEY | SHRI SUBHASHDHAR DUBEY | MALE | padumdhardubey123@gmail.com | 6306950566 | GEN | B.A. 2 | Art | 21/07/2003 | 846625525886 |
| 36 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | RAJ VERMA | SHRI MAHENDRA VEER VIKRAM SINGH | MALE | rebelrajverma@gmail.com | 9838916791 | OBC | B.A. 3 SEM | Art | 01/01/2003 | 895166583503 |
| 37 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | RINKU KAHSYAP | SHRI SOHAN LAL | MALE | mishracommunication14@gmail.com | 7232999046 | OBC | B.A. 2 | Art | 07/10/2004 | 332824795706 |
| 38 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | AWADHESH KUMAR SHUKLA | SHRI MUKT NATH | MALE | pkshukla056@gmail.com | 8957999631 | GEN | B.A. 1 | Art | 27/10/2005 | 611461616711 |
| 39 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SACHIN JAISWAL | SHRI CHHOTE LAL JAISWAL | MALE | sachinj3159@gmail.com | 9305073159 | OBC | B.A. 3 | Art | 01/07/2004 | 909670244843 |
| 40 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SANJEEV CHAURASIYA | SHRI JAGDEESH PRASAD | MALE | adilshadahmad171@gmail.com | 9569599170 | OBC | B.A. 3 | Art | 07/06/2003 | 545798797480 |
| 41 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SARVESH KUMAR | SHRI RAM DULARE | MALE | arjunlbs2021@gmail.com | 8009980602 | SC | B.A. 1 | Art | 01/05/2002 | 810590246301 |
| 42 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SONU VERMA | SHRI SURYA PRAKASH VERMA | MALE | rsup43@gmail.com | 9511054648 | OBC | B.A. 1 | Art | 01/01/2003 | 635035174895 |
| 43 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | SURAJ DUBEY | SHRI AWDESH KUMAR DUBEY | MALE | surajdubey2572@gmail.com | 9151725894 | GEN | B.A. 1 | Art | 12/07/2003 | 925435249656 |
| 44 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | THOMAS BERNARD | SHRI JOHN ALLEN BERNARD | MALE | thomasbernard2702@gmail.com | 9198187218 | GEN | B.A. 1 | Art | 02/07/2002 | 351964043479 |
| 45 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | VIKASH SINGH | SHRI RAJESH KUMAR SINGH | MALE | vikassingh062005@gmail.com | 7355097087 | GEN | B.Sc Ag 1 | Agricultural | 06/04/2005 | 578202444361 |
| 46 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | VIRENDRA KUMAR BHARTI | SHRI SHRI RAM | MALE | bhartivk470@gmail.com | 9792537705 | SC | M.A. 1 | Art | 29/05/2002 | 725347167471 |
| 47 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | VISHAL PRAKASH | LATE MR. GHANSHYAM | MALE | vishalprakash991@gmail.com | 7398742322 | GEN | B.Com 3 | Commerce | 13/07/2003 | 668330151219 |
| 48 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | VIVEK KUMAR SHUKLA | SHRI CHINTA RAM SHUKLA | MALE | rm711726@gmail.com | 9877226818 | GEN | B.A. 3 | Art | 05/04/2004 | 921519560276 |
| 49 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | VIVEK KUMAR TIWARI | SHRI SATISH CHANDR TIWARI | MALE | vivektiwari9364@gmail.com | 6389744379 | GEN | M.A. 1 | Art | 02/03/2001 | 569278483841 |
| 50 | Gonda | Shri Lal Bahadur Shastri Degree College, Gonda | YASHWANT | SHRI RAM SAHAY | MALE | yk351044@gmail.com | 6388394996 | SC | B.A. 3 | Art | 15/07/2003 | 754856820482 |

(Mr. Pawan kumar Singh)
Senior Programme Officer, NSS

Principal
Shri Lal Bahadur Sh...
Gonda

Principal